आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



गत दिवस राष्ट्रध्वज तिरंगे के साथ छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की गूंज से अमेरिका में माहौल छत्तीसगढ़मय हो गया। भारत माता की जय और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की गूंज से अमेरिका गुंजायमान हो गया

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-189- ● कटनी ● मंगलवार, 10 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

मध्यप्रदेश विधानसभा | OBC | देश की लोकसभा

## ओबीसी आरक्षण पर विपक्ष का प्रदर्शन




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को लेकर विपक्षी विधायकों ने विधानसभा में गांधी प्रतिमा के पास एप्रेन पहनकर प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि कहा कि जवाब पूर्व सीएम कमल नाथ को देना चाहिए। ओबीसी आरक्षण पर लगी याचिका के समय उन्होंने क्या किया। सीएम ने कहा, कमल नाथ ओबीसी आरक्षण केस को लेकर एडवोकेट जनरल को कोर्ट में खड़ा करते, देश के बड़े वकीलों को इसके लिए बुलाते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और केस में स्टे हो गया। स्टे के बाद इनके एडवोकेट जनरल ने इसको एमपी पीएससी में भी लागू करने का कह दिया था। यह उनकी सरकार का काम है। सीएम शिवराज ने कहा कि कमल नाथ जवाब दें कि 8 मार्च 2019 को 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का तत्कालीन सरकार ने कहा। इस पर 10 मार्च 2019 को याचिका लगी, 19 मार्च को स्टे आ गया। 10 से 19 मार्च तक तत्कालीन सरकार ने अपना एडवोकेट जनरल तक कोर्ट में खड़ा तक नहीं किया। विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन आज सरकार प्रथम अनुपूरक बजट पेश करने जा रही है। बजट में कोरोना संकट से निपटने के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा सहित अन्य विभागों को अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी,जहरीली शराब के कारोबार पर नकेल और अवैध कालोनियों और निर्माण को वैध करने के लिए नगर पालिका विधि संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किए जाएंगे।

## संसद में आज पारित हो सकता ओबीसी बिल



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ओबीसी बिल को राज्यसभा में पारित कराने के लिए सक्रिय हो गई है। हालांकि ओबीसी बिल को विपक्ष के कई दलों ने समर्थन किया है, वहीं भाजपा ने भी सोमवार को राज्यसभा में अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है। भाजपा ने 3 लाइन का व्हिप जारी कर सांसदों से कहा है कि सभी सांसद 10 और 11 अगस्त को सदन में उपस्थित रहें। इसके अलावा लोकसभा में भी आज ओबीसी बिल पर चर्चा होगी। इससे पहले आज भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक ही हुई, जिसमें भी भाजपा ने अपनी आगामी रणनीति पर चर्चा की है। इससे पहले केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में ओबीसी विधेयक को पेश कर दिया था। इस विधेयक के जरिए राज्यों को OBC लिस्ट तैयार करने का अधिकार प्राप्त हो जाएगा। भाजपा द्वारा राज्यसभा में अपने सांसदों को व्हिप जारी करने के पीछे का कारण है कि लोकसभा में बिल पास होने के बाद अब राज्यसभा में भी पेश होने के बाद जल्द से जल्द पास किया जा सके। इधर ओबीसी बिल को लेकर कांग्रेस सहित 15 विपक्षी दलों ने भी चर्चा कर रणनीति तैयार की है। बैठक में विपक्षी दलों ने ओबीसी संविधान संशोधन विधेयक को समर्थन देने का फैसला किया है। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संसद में 127 वां संविधान संशोधन विधेयक 2021 सरकार लाने जा रही है। हम सभी विपक्षी पार्टियों के नेता और संसद सदस्य इस बिल का समर्थन करेंगे।

### फटाफट खबरें



### सरकार के दबाव के बाद झुकी इंफोसिस ने निकाली भर्तियां

इंदौर। रियायती दामों पर सुपर कारिडोर पर जमीन लेने वाली आइटी कंपनियों पर सरकार का दबाव अब काम कर रहा है। मध्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार न देने और तय समय में कैंपस का निर्माण न करने पर प्रशासन ने आइटी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस को नोटिस थमाया था। इसके बाद अब इंफोसिस ने आनन-फानन में भर्तियां निकली हैं। युवाओं को रोजगार देने की दृष्टि से कैंपस प्लेसमेंट रखा गया है। 22 अगस्त तक बीई-बीटेक, एमई-एमटेक पास कर चुके विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। करीब आठ साल पहले सुपर कारिडोर पर आइडीए ने आइटी विभाग को जमीन दी थी। 130 एकड़ जमीन विभाग ने इंफोसिस को इंदौर कैंपस बनाने के लिए आवंटित की थी।

### ओलंपिक में भी देखने को मिलेगा क्रिकेट

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के समापन के बाद अब हर किसी की नजरें आगामी ओलंपिक पर लगी हैं। इस बीच क्रिकेट फैन्स के लिए बहुत बड़ी खबर सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पुष्टि की है की साल 2028 में लॉस एंजलिस में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने की कोशिश की है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है जिसके जिम्मे ओलंपिक 2028 और 2032 में और उसके आलावा आने वाले अन्य ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाए।

### कांग्रेस अध्यक्ष बोले-सावरकर ने हिंदू राष्ट्र की मांग कर कोई गुनाह नहीं किया

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को सावरकर को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिसके बाद से उनकी पार्टी में ही असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। दरअसल डोटासरा ने कहा कि इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि दिवंगत हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग नहीं लिया था। डोटासरा ने कहा कि सावरकर देश की खातिर जेल भी गए। उन्होंने कहा कि सावरकर जी ने हिंदू राष्ट्र की मांग कर कोई गुनाह नहीं किया।



### खीर भवानी मंदिर के बाद हजरतबल दरगाह पहुंचे राहुल गांधी

**श्रीनगर ।** दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे राहुल गांधी ने मंगलवार सुबह खीर भवानी माता के दर्शन किए। इसके बाद राहुल डल झील किनारे स्थित हजरतबल दरगाह पहुंचे हैं। वह 11.30 बजे एमए रोड श्रीनगर में नवनिर्मित कांग्रेस भवन का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी पहली बार सोमवार को श्रीनगर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। वह रात को श्रीनगर के एक स्थानीय होटल में प्रदेशाध्यक्ष जीए मीर के बेटे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में नेशनस कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी शामिल थीं। श्रीनगर हवाई अड्डे पर राहुल गांधी शाम छह बजे पहुंचे, जहां प्रदेशाध्यक्ष मीर, एआईसीसी की जम्मू कश्मीर की प्रभारी रजनी पाटिल, पीरजादा मोहम्मद सैयद, सैफुद्दीन सोज, तारिक हमीद कर्रा, रमण भल्ला, योगेश साहनी, मूलाराम आदि ने उनका किया।

## NH 58 पर पहाड़ खिसका

## कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना



**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों में कई राज्यों में भारी बारिश के चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून ट्रफ का पूर्वी छोर हिमालय की तलहटी के करीब में शिफ्ट हो सकता है। इसके चलते पूरे भारत में कई राज्यों में भारी बारिश होने की भविष्यवाणी की है। इसी बीच उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है और राज्य में अलग-अलग स्थानों से भारी बारिश के कारण भूस्खलन की भी खबरें आ रही है। उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-58 (ऋषिकेश-श्रीनगर हाईवे) पर तोता घाटी के पास पहाड़ी के हिस्सा खिसकने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यहां हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहाड़ी के एक हिस्सा टूट कर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर देता है। मौसम विभाग ने 10-13 अगस्त के दौरान झारखंड में और 11-13 अगस्त के दौरान पश्चिम बंगाल में भी भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में भी अगले चार-पांच दिनों के दौरान कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों में पूर्वोत्तर और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी वर्षा गतिविधि होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी से तेज दक्षिण-पश्चिम या दक्षिणी हवाओं के प्रभाव से पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। 11-13 अगस्त के दौरान असम और मेघालय में बहुत भारी बारिश हो सकती है।

### एमपी के कई जिले प्रभावित

महाकोशल, विंध्य व बुंदेलखंड के अनेक जिलों में बीती रात से बारिश का क्रम जारी है। दमोह, शहडोल और सिंगरौली में झमाझम बारिश से नदी, नालों का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं मंगलवार सुबह से ही जबलपुर में बादल छाए हुए हैं। शहडोल में सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह जब लोग सो कर उठे तो देखा कि आसमान से बारिश की बूंदे धीमी नहीं बल्कि तेज गिर रही हैं। हालांकि सोमवार की शाम से ही रिमझिम फुहारे पड रही थी। आज सुबह 9 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ यह बारिश जारी है।



## कोरोना के बीच जीका संक्रमण से हड़कंप

**पुणे**

कोरोना महामारीअभी खत्म भी नहीं हुई है कि जीका वायरस का खतरा मंडराने लगा है। महाराष्ट्र में अब जीका वायरस का खतरा बढ़ गया है। जीका वायरस का पहला मामला पुणे में मिला है। जिला प्रशासन ने 79 गांवों में जीका वायरस के फैलने की आशंका जताई है। स्वास्थ्य विभाग इन सभी गांवों को आपातकालीन सेवाओं के लिए तैयार कर रहा है। जिला कलेक्टर डॉ राजेश देशमुख ने पांच अगस्त को जारी अपने आदेश में कहा कि स्वास्थ्य विभाग को वायरस के जोखिम के बारे में जानकारी दे दी गई है और इन गांवों को निगरानी में रखा गया है। फिलहाल इन गांवों में आपातकालीन उपाय शुरू कर दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ राजेश देशमुख ने 79 गांवों की लिस्ट भी जारी की है, जिनमें जीका, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां मौजूद हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिन गांवों में पिछले तीन सालों में लगातार डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बिमारियां मौजूद हैं, उन्हें जीका वायरस के लिए अतिसंवेदनशील माना जाए और संक्रमण के लिए उनके रक्त के नमूनों की जांच कराई जाए।

## माननीयों के खिलाफ मामला हाईकोर्ट की मंजूरी के बगैर वापस नहीं होगा

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों के अपराधीकरण से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इसके तहत अब सभी राजनीतिक पार्टियों को उम्मीदवारों के एलान के 48 घंटे के भीतर मुकदमों की जानकारी जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ कोई आपराधिक मामला संबंधित हाईकोर्ट की मंजूरी के बगैर वापस नहीं लिया जा सकता है। शीर्ष अदालत के इस फैसले का उद्देश्य राजनीति में अपराधीकरण को कम करना है। जस्टिस आरएफ नरीमन और बीआर गवई की पीठ ने इस संबंध में अपने 13 फरवरी, 2020 के फैसले में निर्देश को संशोधित किया है। बता दें कि पीठ बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास को प्रकाशित करने में विफलता का आरोप लगाते हुए दायर अवमानना याचिकाओं में अपना फैसला सुना रही थी। गौरतलब है कि फरवरी 2020 के फैसले के पैरा 4.4 में, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक पार्टियों को आदेश दिया था कि उम्मीदवारों के चयन के 48 घंटों के भीतर या नामांकन दाखिल करने की पहली तारीख से कम से कम दो सप्ताह पहले उनका विवरण प्रकाशित करना होगा। लेकिन आज के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक पार्टियों को उम्मीदवारों के एलान के 48 घंटे के भीतर मुकदमों की जानकारी देनी होगी।



देश हर साल 10 अगस्त को विश्व शेर दिवस मनाया जाता है। इस दिन शेरों को लेकर लोगों के मन में जागरूकता बढ़ाने और शेरों की घटती आबादी और संरक्षण पर जोर दिया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट करते हुए शेरों के संरक्षण के प्रति उत्साही लोगों को बधाई दी है।

### वकील अश्विनी उपाध्याय समेत पांच लोग हिरासत में

**नई दिल्ली।** आठ अगस्त को जंतर-मंतर पर 'भारत जोड़ो आंदोलन' के प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से धर्म विशेष के खिलाफ नारेबाजी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। नौ अगस्त की देर रात को ही दिल्ली पुलिस ने उन्हें कनॉट प्लेस थाने में बुलाया था, जिसके बाद से उनसे पूछताछ चल रही है। अगर इस मामले में उनकी भूमिका संदिग्ध पाई जाती है और पुलिस उन्हें इस मामले में आरोपी बनाती है तो उन्हें आज पटियाला कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

## उज्ज्वला योजना 2.0 लांच

**नई दिल्ली।** गरीब परिवारों को रसोई गैस सुलभ करवाने वाली केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना का विस्तार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उज्ज्वला योजना 2.0 का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के महोबा में हो रहा है, जिसमें पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के महोबा में योजना के लाभार्थियों को एलपीजी सिलेंडर कनेक्शन सौंपकर उज्जवला 2.0 योजना का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी लाभार्थियों से भी बातचीत कर रहे हैं और थोड़ी देर में राष्ट्र को संबोधित भी करेंगे। इस समारोह में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।वित्तीय वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में योजना के तहत अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन के प्रावधान की घोषणा की गई थी।

## नाबालिग बहनों से गैंगरेप फिर कीटनाशक पिला कर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत के एक गांव में दो नाबालिग बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उन्हें कीटनाशक पिला दिया गया। जिससे उनकी दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपियों ने लड़की की मां को उसके बेटों को मारने की धमकी देकर चुप करा दिया और सर्पदंश से मौत होने की जानकारी पुलिस को देने को कहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म व कीटनाशक के प्रभाव में मौत का पता लगने पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मूलरूप से बिहार का रहने वाला एक परिवार कुंडली थाना क्षेत्र के एक गांव में किराये पर रहता था। परिवार में दंपती व उनके दो बेटे व दो बेटियां थीं। उसी परिसर में अलग कमरे में बिहार के चार अन्य युवक भी रहते थे। युवकों ने 5 अगस्त की रात को 16 व 14 साल की दो बहनों को अपने कमरे में ले जाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उनकी हालत बिगड़ी तो उन्हें कीटनाशक पिला दिया। बाद में लड़कियों को उनके कमरे में छोड़ दिया। साथ ही उनकी मां को धमकी दी कि किसी को बताया तो उसके बेटों को मार देंगे। जब बेटियों की हालत बिगड़ने लगी तो महिला उन्हें लेकर दिल्ली के अस्पताल पहुंची। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## लगातार चौथे दिन 40 हजार से कम मामले

**नई दिल्ली।** देश में अगस्त महीने में लगातार चौथे दिन कोरोना के 40 हजार से कम नए मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे में 28 हजार नए मामले सामने आए हैं, जबकि 373 लोगों की मौत हुई है। वहीं, 41 हजार से ज्यादा लोग स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। वहीं, नए मामलों की तुलना में कोरोना मरीजों के ठीक होने की दर यानी रिकवरी रेट में भी इजाफा हुआ है। देश में अब कोरोना रिकवरी दर बढ़कर 97.49त्न हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कोविड-19 के 28,204 नए मामले सामने आए हैं. जबकि इस दौरान 41,511 कोविड मरीज ठीक हुए हैं। यानी एक दिन में कोरोना के करीब 7000 मामले कम हुए हैं। यह अच्छी खबर है। भारत में 28,204 नए मामले सामने आये 41,511 लोग स्वस्थ्य हुए 373 लोगों की कोरोना से मौत हुई जबकि 54,91,647 लोगों को लगी कोरोना वैक्सीन

## गोल्डन नीरज का टारगेट अब 90 मीटर

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह भारत के पहले एथलीट हैं जिन्होंने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ओलंपिक में हमारी मेहनत रंग लाई। नीरज चोपड़ा ने कहा कि देश आकर गोल्ड मेडल जीतने का बड़ा एहसास हुआ। देश का अगर प्रधानमंत्री आपको सपोर्ट कर रहा है तो यह बड़ी बात है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझसे भी बात की। उन्होंने हमें जब फोन किया तो अच्छा लगा। देश का पीएम खिलाड़ियों से बात करे ये बहुत बड़ी बात है। नीरज ने कहा कि उनका अगला टारगेट विश्व चैंपियनशिप है। वहीं भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खड़े होकर पार्टी सांसदों से ताली बजवाई। उन्होंने पार्टी सांसदों से कहा कि हर स्तर खेल को बढ़ावा दिया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिकेट की तरह दूसरे खेलों में जुनून हो। नीरज ने आगे कहा कि उनका इरादा 90 मीटर भाला फेंकने का है और वह 90 मीटर भाला फेंकेंगे।



उन्होंने कहा कि पहले भारत के एथलीट ओलंपिक में इस स्पर्धा में भाग लेने जाते थे और उनका यही मानना होता था कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन मैं भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीत कर काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं।

### नीरज नाम के व्यक्ति को 501 रुपए का फ्री पेट्रोल-डीजल

गुजरात के भरूच में एक छोटे से कस्बे में स्थित पेट्रोल पंप के मालिक बड़े ही खास अंदाज में मना रहे हैं। इस खुशी का इज़हार करते हुए जश्न के रूप में पेट्रोल पंप मालिक ने नीरज नाम के हर शख्स को फ्री में फ्यूल देने का ऐलान किया है। इस खास अंदाज से जश्न मनाने वाले पेट्रोल पंप के मालिक सुर्खियों में बने हुए हैं। रविवार को गुजरात के भरूच में नेतरंग कस्बे में इंडियन ऑयल के एक पेट्रोल पंप मालिक ने अपने पंप पर एक बोर्ड लगाया। इस बोर्ड पर उन्होंने लिखा कि नीरज नाम के हर व्यक्ति को सोमवार शाम 5 बजे तक 501 रूपये का मुफ्त में ईंधन मिलेगा।




शुभांक - 4 -5- 7

कटनी, जबलपुर, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें



कटनी। सी.एम. हेल्पलाईन के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने समय सीमा की बैठक में दिये। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित हुई। इसमें कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन, पीजीआर, स्वामित्व योजना, सीएम मानिट, सीएम हाउस सहित समय सीमा के प्रकरणों का विस्तार से रिव्यू किया। उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने पेंडिंग प्रकरणों का निराकरण तेजी से करें। सी.एम हेल्पलाईन की शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि शिकायत देखना और उनका निराकरण करना अधिकारियों का काम है। सी.एम. हेल्पलाईन के प्रकरणों को अच्छा निराकरण करने वालों को प्रशस्ति पत्र और पूअर परफारमेंश वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। समय सीमा की बैठक में श्री मिश्रा विभागीय गतिविधियों का रिव्यू किया। उन्होने मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना, जलजीवन मिशन, अंकुर अभियान, एक जिला एक उत्पाद योजना, कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेन्स, सीएम हेल्पलाईन में लंबित 100 दिवसों, 300 दिवसों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में संबंधित विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### समय सीमा की बैठक आयोजित, कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

## बाजार बैठकी की अवैध रूप से वसूली

### निगमायुक्त ने दो कर्मचारियों पर की दण्डात्मक कार्यवाही

कटनी। विगत दिवस विश्राम बाबा वार्ड में प्राईवेट कर्मचारी द्वारा निगम की रसीद के माध्यम से बाजार बैठकी की अनाधिकृत रूप से अवैध वसूली करनें की शिकायत प्राप्त हानें पर निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी करते हुए जवाब संतोषजनक नहीं होनें पर संबंधितों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की गई है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वार्ड के वसूलीकर्ता विश्राम कोल की दो वेतन वृद्धि तथा प्र. राज.उपनिरीक्षक विनोद सिंह चौहान की एक वेतन वृद्धि रोकी जाकर राजस्व प्रभारी बाजार शाखा अनिल त्रिपाठी को विभागीय कार्यप्रणाली एवं अधीनस्थों पर समुचित नियंत्रण बनाये रखने हेतु आदेशित किया जाकर भविष्य के प्रति सचेत किया गया है।




# शिविरों में जमा हो रहा संपत्ति व जल कर

### रोशन नगर में आयोजित शिविर का नागरिकों ने उठाया लाभ

कटनी। नागरिकों को निगम के बकाया करों को जमा करनें की सुविधा एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्रदान करनें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अतिरिक्त रोजाना वार्डवार शिवर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक एवं अनिल त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जल कर जमा करनें की सुविधा हेतु आज प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर परौहा मार्केट के पास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक साफसफाई , चूनें की लाईनिंग, टेंट, कुर्सी टेंबिल आदि की व्यवस्था की जाकर शिविर में उपस्थित होनें वाले करदाताओं को बकाया करों की राशि एवं शासन द्वारा प्रदाय की जानें वाली छूट की जानकारी प्रदाय की जाकर बकाया करों को जमा कराया गया। शाम 5 बजे तक निगम कोष में संपत्तिकर के रूप में 2.44 लाख तथा जलकर के रूप में 69 हजार रूपयों की राशि को निगम कोष में जमा कराया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नागरिकों से शान द्वारा प्रदाय की छूट का लाभ प्राप्त करनें हेतु आज 10 अगस्त को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित एन.के.जे बजरिया में शिविर का आयोजन किया गया।



# चंडिका नगर में 14 अगस्त तक होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

कटनी। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के चंडिका नगर स्थित माता चंडिका मंदिर में आज 10 अगस्त मंगलवार से पावन श्रावण मास के उपलक्ष्य में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माणएरुद्राभिषेक एवं पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम आगामी 14 अगस्त तक चलेगा। प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बाद पूजन और अभिषेक होगा। संध्या के समय इन शिवलिंगों का विसर्जन किया जाएगा। मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु शिवलिंग निर्माण करने पहुंच रहे। आचार्य मनमोहन तिवारी के मार्गदर्शन में धर्मिक आयोजन सम्पन्न कराया जा रहा। जय माँ चंडिका ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# बिना मास्क वालों पर चालानी कार्यवाही





कटनी। नगर में कोविड -19 की वर्तमान संक्रमण दर एवं अपेक्षित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए समुदाय में संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी के तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिये गये निर्णय के परिपालन में निगम प्रशासन द्वारा नगर के सार्वेजनिक स्थलों पर कोविड-19 की गाईडलाईन का उल्लंधन कर एवं चेहरें पर मास्क का उपयोग न करनें वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन के स्वस्थ्य विभाग के गठित अमले द्वारा विगत दिवस माधवनगर क्षेत्र में बिना मास्क के घूमनें वाले 25 व्यक्तियों पर 2500 रूपये तथा आज दोपहर जोन क्रमांक 01 बस स्टेण्ड तथा वार्ड क्रमांक 33 से 37 तक अभियान चलाया जाकर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण करनें वाले 15 व्यक्तियों पर 1500/- रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु नगारिकों से घरों से निकलते समय चेहरे पर मास्क एवं सार्वजनिक स्थलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर संक्रमण को फैलने से रोकने में प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# अनाथ बच्चों की जानकारी बाल स्वराज पोर्टल पर होगी अपलोड

**कटनी। संचालक, महिला-बाल विकास श्रीमती स्वाती मीणा नायक ने जानकारी दी है कि कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों की जानकारी नियमित रूप से बाल स्वराज पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सूचित किया गया है।**

श्रीमती नायक ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने मई माह से पहले अनाथ हो चुके बच्चों से संबंधित डाटा श्बाल स्वराजश् पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के चिन्हांकन के लिये जिला कलेक्टर द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस, चाइल्ड लाइन तथा सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से अभियान चलाया जाने, बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत ऐसे अनाथ बच्चों की जाँच प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण करने तथा आवश्यक सहायता एवं पुनर्वास की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। संचालक श्रीमती स्वाती मीना नायक ने बताया कि कोविड-19 के कारण अनाथ हुए या ऐसे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता में से किसी एक को खो दिया है, को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में चाहे वह शासकीय स्कूल हो या निजी, उसी स्कूल में शिक्षा जारी रखने के निर्देश हैं। इसके अतिरिक्त निजी स्कूल में शिक्षा निरंतर रखने में यदि किसी प्रकार की समस्या आती है, तो बच्चे को शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 अंतर्गत निकट के स्कूल में प्रवेश दिलाये जाने की बात कही है।

### बाल स्वराज पोर्टल

बाल स्वराजपोर्टल का उद्देश्य बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों को पेश किये जाने से लेकर उनके माता-पिता, अभिभावक, रिश्तेदारों को सौंपने और उसके बाद की कार्रवाई तक कोविड-19 से प्रभावित बच्चों की ट्रैकिंग करना है। पोर्टल में प्रत्येक बच्चे के भरे गये डाटा के माध्यम से आयोग इस बारे में जानकारी प्राप्त करने में सक्षम होगा कि क्या बच्चा अपनी पात्रता, लाभ और आर्थिक लाभ प्राप्त करने का हकदार है। साथ ही आयोग यह भी जान सकेगा कि बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है, क्या इन बच्चों को राज्य द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं तथा लाभ देने के लिये वित्तीय सहायता की आवश्यकता है अथवा नहीं।

# टीकाकरण केन्द्रों में नगर निगम कर रहा आवश्यक व्यवस्थाएं



कटनी। नगरीय सीमा में आयोजित होनें वाले वेक्सीनेशन सत्रों में नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक सुविधांए मुहैया कराई जा रही है। इसी तारतम्य में नगरीय सीमान्तर्गत आज आयोजित होनें वाले वेक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों सामुदायिक भवन कुठला, पुरानी कचहरी कटनी, रेल्वे हास्पिटल एन.के.जे में प्र.कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा की मॉनीटरिंग में निगम प्रशासन द्वारा विशेष साफ सफाई, प्रकाश फर्नीचर, टेंट, शामियाना सहित निगम की अन्य आवश्यक व्यवस्थांए मुहैया कराई जाकर निगम के नियुक्त टीकाकरण केन्द्रों के प्रभारी एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं का संपादन किया जाकर शत प्रतिशत टीकाकरण करानें के प्रयास किये गए।

# प्रदेश की 28 हजार निजी शालाओं को हाईकोर्ट से मिली राहत

### आरटीई की राशि निजी स्कूलों को देने के राज्य सरकार को निर्देश

कटनी। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेश से प्रदेश के 28 हजार गैर अनुदान प्राप्त शालाओं को राहत मिली है। अशासकीय विद्यालय परिवार के अध्यक्ष मोहनदास नागवानी एवं प्रवक्ता जुगल मिश्रा ने बताया कि संस्था द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष एक रिट याचिका दायर कर यह प्रार्थना की गई थी कि बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का अधिनियम, 2009 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के कमजोर वर्ग के बालकों हेतु शासन द्वारा मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है, जिसमें गैर अनुदान प्राप्त शालाओं में कुल छात्र संख्या के 25 प्रतिशत छात्रों को गैर अनुदान प्राप्त शालाओं द्वारा मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। उक्त छात्रों की शिक्षा में होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति शासन को सत्र के अंत में निर्धारित दर पर शालाओं को भुगतान किये जाने का भी प्रावधान है, परंतु शासन द्वारा वर्ष 2017 से अबतक उक्त राशि का भुगतान नहीं किया है। याचिका में यह भी व्यक्त किया गया है कि वर्तमान कोविड काल में उक्त राशि न मिलने से तथा शालाओं को शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य शुल्क सामान्य छात्रों से न लेने के दिशा निर्देषों के कारण गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाएं घोर वित्तीय संकट से गुजर रही हैं। याचिकाकर्ता संस्था ने तथा उसके सदस्यों ने शासन को लगातार इस आशय के पत्र लिखे हैं कि उनको देय राशि का भुगतान शीघ्र करें परंतु शासन द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शासन द्वारा अगस्त 2020 में प्रकरण की सूचना मिलने के बाद भी अभी तक याचिका का कोई प्रतिउत्तर भी नहीं दिया था। माननीय न्यायाधीपति विशाल धगट की एकल पीठ द्वारा प्रकरण में संजीदगी से विचार कर मध्यप्रदेश शासन को इस आशय के निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा दिये गए प्रतिवेदन तथा आदेश के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रतिवेदन पर आदेश मिलने के तीस दिवस के अंदर विधि अनुसार कार्यवाही करें। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्तागण दीपक पंजवानी, राजेश पंजवानी एवं नेहा भाटिया पैरवी कर रहे हैं। उक्त आदेश पारित होने से प्रदेश के लगभग 28,000 गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं को राहत मिली है।

# सेवा कार्यों का संचालन जायंट्स का मूल मंत्र






### जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम, दो सत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रतिभागियों ने

कटनी। जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के फेड 7 के अधीनस्थ विभिन्न ग्रुप्स के अध्यक्ष ए प्रशासन संचालक एवं वित्त संचालकों ने दो सत्रों के माध्यम से विधिवत कार्यो को करने की कार्य प्रणाली से अवगत हुए। इस अवसर पर जायंट्स के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, फेड अध्यक्ष विनोद गुप्ता, पूर्व फेड अध्यक्ष क्रमशः अविनाश जोशी, श्रीमती गीता जोशी, डॉ. श्रीमती के मल्होत्रा श्रीमती दीपिका शर्मा एवं मुकेश चंदेरिया ने सदन को सरल शब्दों में प्रशिक्षण प्रदान किया। श्रीमती सीमा जैन एवं दिनेश बाठला के संयुक्त संचालन में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जायंट्स प्रार्थना के उपरांत गोविंद गोयल, सुरेंद्र पटेल, अनिल नेमा, रणवीर कर्ण, श्रीमती निशा तिवारी, दिनेश बाठला, संजय सोनी, श्रीमती संतोष जैन, संतोष पटेल, श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव ने माल्यार्पण के द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। यूनिट डायरेक्टर श्रीमती दीपिका शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आज के आयोजन की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। फेड अध्यक्ष विनोद गुप्ता के संयोजन में वक्ताओं ने बारीकियों के साथ विभिन्न विषयों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रमुख रूप से मीटिंग एवं सार्वजनिक कार्यक्रम, प्रोजेक्ट्स फण्ड रेजिंग, मेम्बरशिप ग्रोथ, ग्रुप एक्सटेंशन, अवार्ड बिडिंग जैसे महत्त्व पूर्ण विषय वक्ताओं ने सदन को अवगत कराया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं अवार्ड प्रदान किये गए । कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी से दिनेश बाठला, संचित जैन एवं श्रीमती सीमाजीं, जायंट्स ग्रुप ऑफ मुड़वारा से संजय सोनी एवं आकाश सिंघई, जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी सहेली से श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव, श्रीमती दीपाली गुप्ता एवं श्रीमती ज्योति तिवारी, जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही मुड़वारा से श्रीमती संतोष जैन एवं श्रीमती सविता पुरवार एजायंट्स ग्रुप ऑफ ग्वालियर तानसेन ग्रुप से विजय गुप्ता, राकेश अग्रवाल एवं रमाकांत गोयल एजायंट्स ग्रुप ऑफ ग्वालियर गालव से मनोज जैन, मनोज गर्ग एवं श्रीमती नीलम गर्ग, जायंट्स ग्रुप ऑफ सतना से राजेश अग्रवाल हेमंत डेनियल एवं श्रीचंद्र अग्रवाल एजायंट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर से अरविंद पटेल, चरण जीत सिंह अरोरा एवं चंद्र किशोर मोदी जायंट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर सहेली से डॉ. श्रीमती कावेरी शॉ, श्रीमती इंदुलता प्यासी ए जायंट्स ग्रुप ऑफ बुरहानपुर से श्रीमती शोभा चौधरी, मनोज तीर्थानि एवं मेहुल जैन, जायंट्स ग्रुप ऑफ डबरा से राजीव लोचन शर्मा, प्रभुदयाल गुप्ता एवं अशोक गुप्ता ने अपनी कर्मठ सहभागिता दर्ज कराई। राष्ट्र गान से सभा का समापन हुआ।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 10 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों पर होगी कार्यवाही



### तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक नेतराज सिंह परिहार के द्वारा अधिकारियों को तम्बाखू से होने वाले गंभीर परिणामों की जानकारी दी। एवं जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालय , सार्वजनिक स्थान को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु जानकारी दी । वर्कशॉप में स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग , महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, नगर पंचायत, खाद्य विभाग, एनआरएलएम विभाग एवं जनपद पंचायत आदि विभाग प्रमुख व अधिकारयो का तंबाकू नियंत्रण एवं कोटपा कानून प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया में विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने तम्बाखू नियंत्रण हेतु सतत रूप से कार्य करने एवं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों पर कोटपा कानून के अंतर्गत कार्यवाही करने की बात कही। तम्बाकू सेवन एवं धूम्रपान के कारण कैंसर से 12 से 13 लाख मौत भारत में हो रही है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉक के सभी स्कूलों को तम्बाकू मुक्त बनाने की बात पर जोर दिया। मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक नेतराज सिंह परिहार द्वारा अधिकारियों को तम्बाखू से होने वाले गंभीर परिणामों की जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम दी गई।

## सामान्य भविष्य निधि वार्षिक लेखा विवरण वेबसाइट पर अपलोड

**कटनी।** प्रधान महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर ने प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वर्ष 2020-2021 के सामान्य भविष्य निधि लेखाओं के वार्षिक विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये हैं। अभिदाता अपनी सीरीज की प्रविष्टि कर एकाउंट नम्बर कॉलम में अपना सामान्य भविष्य निधि लेखा क्रमांक और पासवर्ड प्रविष्ट कर लेखा विवरण प्राप्त कर सकते हैं। लेखा विवरणों में किसी विसंगति के ऑनलाइन सुधार अथवा शिकायत के लिए अभिदाता सत्यापित विवरण सहित वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत का निराकरण एक माह के अंदर किया जाता है। अभिदाता अपनी शिकायत दूरभाष क्रमांक 0755-2323968 एवं 2432457 पर भी कर सकते हैं। सामान्य भविष्य निधि से संबंधित प्रायरू पूछे जाने वाले प्रश्न, आवश्यक आवेदन प्रारूप एवं अन्य फार्म भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### उमरियापान पुलिस की कार्रवाई

## स्थाई व गैरम्यादी वारंटी गिरफ्तार



**कटनी/उमरियापान।** उमरियापान पुलिस को एक स्थाई व एक गैरम्यादी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। इस संबंध में उमरियापान निवासी 55 वर्षीय सोमनाथ पिता बलीराम कोल तीन अलग-अलग प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसके विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस ने सोमनाथ के बारे में जानकारी एकत्रित की तो पता चला कि वह जबलपुर के कचनारी क्षेत्र में फरारी काट रहा है। सूचना लगने के बाद उमरियापान थाना प्रभारी गणेश विश्वकर्मा अपने हमराही स्टाफ प्रधान आरक्षक सत्यदेव सिंह, आरक्षक रत्नेश दुबे, भाग सिंह व सैनिक संतोष दुबे के साथ कचनारी पहुंचे और वहां सोमनाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इसी तरह उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी 40 वर्षीय संजू पिता छकुली हल्दकार भी किसी अपराधिक प्रकरण में पिछले 7 वर्ष से फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसके विरूद्ध गैरम्यादी वारंट जारी किया था। पुलिस ने संजू को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



## मुख्य मार्गों से हटाए अस्थायी अतिक्रमण





**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना नगर के मुख्य मार्गो के किनारे स्थित अतिक्रमणों को हटाने एवं व्यवस्थित करनें की कार्यवाही की जाकर नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मुहैया करानें के प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज प्रातः नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों जिला चिकित्सालय पहुंच मार्ग, सिल्वर टॉकीज रोड के मुख्य मार्ग के किनारे बैठकर यातायात को प्रभावित कर व्यवसाय करनें वालों को हटानें की कार्यवाही की गई। नगर के अन्य मुख्य मार्गों कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंच मार्ग, विश्राम बाबा गेट के पास लगे फल के ठेलों सहित सुभाष चौक से दिलबहार चौक तक मुख्य मार्ग के किनारे यातायात को प्रभावित कर व्यवसाय करने वालों को टीम के सदस्यों द्वारा हटाने की कार्यवाही की जाकर सुगम यातयात की सुविधा मुहैया कराने प्रयास किये गए।

## एक देश, एक शिक्षा, एक बोर्ड का गठन किया जाए

### अभिभावक जन कल्याण संघ ने उठाई मांग

**कटनी।** अभिभावक जन कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अभिभावक जन कल्याण संघ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 15 अगस्त के उद्बोधन के लिए सुझाव लिख कर भेजे गए हैं, जिसमें शिक्षा एवं चिकित्सा के लिए अनिवार्य रूप से आयोग का गठन किए जाने की मांग की गई है। जिसमे एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड का गठन किया जाए। समस्त स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों से ही पढ़ाया जाए। ऑनलाइन शिक्षा तो ऑनलाइन की फीस निर्धारित की जाए। निजी शिक्षा एवं निजी चिकित्सा स्थलों को नियंत्रित करने के लिए शिक्षा एवं चिकित्सा आयोग का गठन किया जाए। खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल को भी अनिवार्य विषय घोषित किया जाए तथा खिलाड़ियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम लागू किया जाए। स्कूली शिक्षा में सैनिक शिक्षा को अनिवार्य किया जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत पटेल, दशरथ चौधरी, राजेश जैन, सरताज खान, गौरव संजीव सूरी भारतीय एवं अभिभावक जन कल्याण संघ की समस्त प्रदेश इकाई के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि इन सुझावों को स्वीकार कर 15 अगस्त को देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर इन सुधारों की घोषणा लालकिले की प्राचीर से की जाए।

### 12 अगस्त से पूरे प्रदेश में 4 महीने तक चलेगी मुहिम

## जनसंसद संवाद से सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश करेगी कांग्रेस



**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल एवं ग्रामीण अध्यक्ष रामकिशन पटेल के संयुक्त तत्वाधान में मप्र कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग जिला प्रभारी टीकाराम कोष्टा ने बताया कि मप्र कांग्रेस कमेटी का पिछड़ा वर्ग विभाग के आव्हान पर 12 अगस्त से प्रदेश के हर जिले में 4 माह तक मप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल के निर्देश पर जन संसद संवाद कार्यक्रम के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के प्रति धरना प्रदर्शन आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन करेगी। जिला प्रभारी टीकाराम कोष्टा एवं जबलपुर संभाग प्रभारी मारूफ अहमद ने बताया कि आज देश को, संविधान को, गरीब को, किसान को तथा नौजवान को बचाने की आवश्यकता है। जन संसद संवाद में जनता की सीधे भागेदारी हो, जिसमे भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियो का पर्दाफाश किया जाए। भाजपा द्वारा किये गए झूठे वादों की पोल खोली जाएगी। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, नोटबंदी, कृषि कानून, पेट्रोल डीजल के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि, ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने की साजिश, किसानों को दोगुना लाभ देने, खाद्य तेलों के मूल्य वृद्धि, न्याय पालिका, कार्य पालिका, विधायिका के कार्यों में हस्ताक्षेप, वैचारिक आजादी पर पावंदी, कोरोनाकाल में आम जनता की दुर्दशा, अव्यवस्था के कारण लाखों लोगों की मौत के आंकड़ों को छुपाना और दूसरी और चंद पूंजीपतियों को लाभ दिलाने हेतु नीति बनाना उन्हें मजबूत करना आदि ऐसे मुद्दे है, जिन पर संसद में बहस करने की आवश्यकता है लेकिन भाजपा सरकार ने जनप्रतिनिधियों का यह अधिकार भी समाप्त कर दिया है। इन मुद्दों पर सदन में कोई चर्चा और बहस नहीं होती है, इसीलिए 12 अगस्त से प्रारंभ होकर 4 महीने तक लगातार चलने वाले जन संसद संवाद में उक्त मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। खुली चर्चा होगी। प्रस्ताव पास होगा तथा सुझाव भी दिए जायेंगे जिस पर अमल करने के लिए सरकार पर दबाब बनाया जायेगा, उसके लिए मप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संवैधानिक तरीके से आंदोलन कर संघर्ष करेगी।

## कन्हवारा में दिनदहाड़े 65 हजार की चोरी

### मकान के अंदर से सोने-चांदी के जेवर ले गए चोर

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कंहवारा में दिनदहाड़े एक मकान में धावा बोलकर अज्ञात बदमाश अंदर से 65 हजार रूपए कीमती सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कंहवारा निवासी रोहित बर्मन के मकान में अज्ञात बदमाशों ने दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के बीच धावा बोला और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। चोरी गए जेवरों की कीमत 65 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## ट्रेक्टर में दबकर युवक की मौत

**कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भखरवारा रवि पंडित के खेत में 35 वर्षीय विश्वनाथ राजपूत पिता भगवान सिंह राजपूत की ट्रेक्टर में दबकर मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## बाजार बैठकी की अवैध वसूली करने पर कार्रवाई

**कटनी।** विगत दिवस विश्राम बाबा वार्ड में प्राईवेट कर्मचारी द्वारा निगम की रसीद के माध्यम से बाजार बैठकी की अनाधिकृत रूप से अवैध वसूली करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने संबंधितों को नोटिस जारी करते हुए संतोषजनक जवाब नहीं होनें पर दण्डात्मक कार्यवाही की है। विश्राम कोल की दो वेतन वृद्धि, राजस्व उपनिरीक्षक विनोद सिंह चौहान की एक वेतन वृद्धि रोकी है। राजस्व प्रभारी बाजार शाखा अनिल त्रिपाठी को विभागीय कार्यप्रणाली एवं अधीनस्थों पर समुचित नियंत्रण बनाए रखने के लिए निर्देशित किया है।

### माधवनगर की मानसरोवर कालोनी में वारदात

## मामूली विवाद में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर कालोनी में सोमवार की देरशाम हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मानसरोवर कालोनी निवासी सुभाष पिता दिनेश गौतम का सोमवार की देरशाम लगभग पौने दस बजे भानू उर्फ भरत कुकरेजा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो भानू ने सुभाष पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में सुभाष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सुभाष के भाई शर्मा कालोनी डेहरू लाइन निवासी 31 वर्षीय मनोज गौतम की शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**REQUIREMENT**
We require an TALLY /Busy accountant ability to work on Computer & Internet, salary from:- 7500/- To 10000/- **Contact no. 8889442227**
**Mail id- shaktiindustries @ yahoo.co.in**

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड** 1912
कार्यालय का नामः- कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग कटनी
फोन नं. :- 9425806206, ईमेलः-eeonmkatni@gmail.com

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

33 के.व्ही कटनी द्वितीय से झुकेही फीडर में आवश्यक कार्य हेतु दिनांक 11.08.2021 को दिन बुधवार समय सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक परमिट होने के कारण विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

| 33 के.व्ही. फीडर का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाइल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 के.व्ही. कटनी द्वितीय फीडर | 11.08.2021 | सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र झुकेही फीडर में आने वाले समस्त उपभोक्ता | श्री सुजीत कुमार | 9425807577 |

**नोटः-** विद्युत प्रदाय बंद रहने की समयावधि आवश्यकता अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है। विद्युत संबंधी सभी शिकायत के निराकरण हेतु 1912 निशुल्क नं. पर दर्ज करावें।

(इंजी. डी.के. सोनी)
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. कटनी

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**
E-mail ID:- modgmkat@mp.gov.in
क्रमांक/खनि/उ.प./2021, 2236 कटनी, दिनांक 22.07.2021

**//सूचना//**

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमती श्री नारेन्द्र कुमार उरमलिया, ग्राम खजुरी, पोस्ट बड़खेरा, तहसील कटनी, जिला कटनी के द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02.07.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | कटनी | खजुरी | 410 | 1.53 | भूमिस्वामी | फायरक्ले | |
| | | | 394 | 0.39 | | | |
| | | | 395 | 0.56 | | | |
| | | | 396/2 | 0.17 हे. | | | |
| | | | योग- | 2.65 हे. | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

G-15347 प्रभारी अधिकारी- (खनिज शाखा) जिला-कटनी म.प्र.







# 12 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा में गूंजता रहा बम-बम का जयकारा

# महाकाल के दीवानों का लगा बरही में मेला

## मां कालीधाम कोनिया से विजयनाथ धाम पहुंची कांवड़ यात्रा

बरही। कांवड़ियों का विशाल जत्था बम-बम भोले का जयकारा लगाते हुए माँ कालीधाम कोनिया स्थित महानदी का जल लेकर श्रावण मास के तीसरे सोमवार को रवाना हुआ। 12 किलोमीटर पैदल काँवड़ यात्रा का बरही में पहली बार बोल.बम समिति द्वारा आयोजन किया गयाए जहां महाकाल के दीवानों का सैलाब उमड़ा। कांवडियों का जत्था पूरी आस्था विश्वास व भक्तिभाव के साथ गगनभेदी जयकारे लगाते हुए बरही नगर का भृमण कर विजयनाथधाम शिवमंदिर पहुँचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पूरी यात्रा की कमान बोलबम समिति के प्रभाकर तिवारी, मनीष सोनी, राहुल राज सोनी, मनोज सोनी संभाले हुए थे। समाजसेवी रजनीश नामदेश कांवड़ियों में ऊर्जा का संचार करने पूरे मार्ग में संचालन करते रहे। युवा व्यवसायी सत्यप्रकाश सोनीए डॉ जगदीश गुप्ता आदि व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे।



गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण काल के चलते इस बार भोले के ये दीवाने बाबा वैजनाथधाम झारखंड नही जा पाए। अपनी आस्था व भक्तिभाव को प्रकट करते हुए बरही में काँवड यात्रा का आयोजन कर दिया। इस काँवड यात्रा में न सिर्फ बरही बल्कि पड़ोसी जिला उमरिया, शहडोल, सतना जिले के भी भोलेभक्त शामिल हुए। माँ काली धाम कोनिया में यात्रा शुभारंभ के पहले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय बाला प्रसाद वर्मा परिवार द्वारा आए हुए सभी कावडियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए अजय वर्मा अपने परिवार एवं मित्रमंडली के साथ सेवा में जुटे रहे, तो वही नगर प्रवेश करते ही यात्रा का स्वागत जगह-जगह किया गया।

चौक बाजार में नटराज परिवार मित्र मंडली द्वारा पुष्पवषाए कमानिया गेट में ब्राह्मण समाज बरही द्वारा स्वागतए तो राम-जानकी मेडिकल स्टोर्स परिवारए कटनी रोड में राजेश राजीव भोजनालय द्वारा श्रीफल भेंटकर कांवडियों का स्वागत किया गयाए तो वही बरही पुलिस सम्पूर्ण मार्ग में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने मुस्तैद रही। विजयनाथधाम में नगर के धर्मप्रेमी सेठ धन्नूलाल गुप्ता परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था, जहां पंगत में बैठाकर सभी को भोजन कराया गया, तो वही काँवड यात्रा में शामिल भोले-भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया।

# सीवर लाइन के चेम्बर टूटे, भ्रष्टाचार की खुली कलई



### सड़क निर्माण के लिए खुदाई के बाद सामने आई सीवर लाइन ठेकेदार की मनमानी

### जगन्नाथ चौक से आजाद चौक के बीच शुरू हुआ सड़क निर्माण



**कटनी।** मिशन चौक से आजाद चौक तक निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज के नीचे सड़क का निर्माण पूर्ण होने के बाद अब ठेकेदार ने जगन्नाथ चौक से आजाद चौक मार्ग पर सड़क का निर्माण शुरू किया है। जिसके चलते आजाद चौक से जगन्नाथ चौक की ओर जाने वाले वाहनों को आजाद चौक से गाटरघाट, कैलवारा रोड होते हुए शिवनगर से कैलवारा मोड़ से निकाला जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान सीवर लाइन ठेकेदार द्वारा किए गए घटिया निर्माण की कलई खुल रही है। कई जगह चेंबर टूटे हुए मिले। जिससे सीवर लाइन के ठेकेदार पर घटिया निर्माण कार्य किए जाने का आरोप लग रहा है। विदित हो कि मिशन चौक पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्णताः की ओर है। ओव्हर ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के बाद अब ब्रिज के नीचे सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी लेकिन ओव्हर ब्रिज ठेकेदार द्वारा बजट की कमी की वजह से सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा था। पिछले दिनों क्षेत्र के नागरिकों द्वारा सड़क निर्माण की मांग को लेकर आजाद चौक में विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। उस समय नगर निगम के अधिकारियों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल ने भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही मौके का मुआयना करते हुए सड़क निर्माण की बात कही थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सीवर लाइन ठेकेदार ने सड़क निर्माण के पहले खुदाई करते हुए सीवर लाइन का काम पूर्ण किया था। अब जब सड़क का निर्माण शुरू हुआ तो सीवर लाइन ठेकेदार की लापरवाही सामने आई। बताया जाता है कि खुदाई के दौरान कई चेम्बर टूटे हुए मिले, जिससे ब्रिज ठेकेदार द्वारा सुधारकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्रीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है।



# सुदर्शनाओं ने किया वृक्षारोपण

**कटनी।** वृक्ष हमारे मित्र हैं करिये इनसे प्यार । प्राण वायु देकर हमें करते हैं उपकार। रक्षा इनकी कीजिये ए वृक्षारोपण साथ . औषधि फल मिलते हमें एये धरती का श्रृंगार ।। जंगल है तो जल है एजल है तो जीवन है ।अर्थात जीवन के लिये वृक्ष बहुत जरूरी हैं वृक्षों को काटना नहीं है। मित्रवत उनकी रक्षा करनी है और उनका विस्तार करना है उपरोक्त उद्गार सुदर्शना अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव ने वृक्षारोपण के पूर्व व्यक्त किये और सुदर्शना परिवार को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया । हरियाली अमावस्या पर सुदर्शना परिवार ने मीरा भार्गव के निर्देशन में और डॉ प्रतिमा रमन जी की अध्यक्षता मे भार्गव कम्पाउंड बरही रोड और आदर्श कालोनी स्थित गुप्ता गार्डन में सघन वृक्षारोपण के साथ ही प्रकृति का पूजन किया । कार्यक्रम के पश्चात भजिया और भुट्टा पार्टी के साथ ही गीत संगीत नृत्य का आनन्द लेते हुए वन सौंदर्य का आनन्द लिया। इस कार्यक्रम मेंए डॉ प्रतिमा रमन एहीरामणि बरसैन्या एदीपाली गुप्ता एकिटी गुप्ता ए नीति वर्मा ए संध्या कस्टवार आर्या गुप्ता एशौर्या गुप्ता सरिता बजाज एसीमा नाहर, मनोरमा पाठक, शशी दुबे, कान्ता सचदेवा, मनीषा त्रिसोलिया, अंजू अग्रवाल अलका अग्रवाल, रेखा पंजवानी, शांति शर्मा सुनीता कनकने, रजनी कनकने ाकांक्षा बरसैन्या, अंजू जैन शालिनी सोनी, रागिनी मित्तल एकविता कनकने एकी विशेष उपस्थिति रही ।



### सावन माह को दृष्टिगत रखते हुए मंदिरों एवं देवालयों के आसपास की गई विशेष सफाई

# सफाई व्यवस्था में जुटे निगम के स्वच्छता दूत







**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित डिवाईडरों की सफाई, डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। नाले-नालियों की सफाई हेतु नियुक्त गेंग द्वारा रोजाना नगर की विभिन्न नालियों के अपशिष्ट को निकाला जाकर सुगमता से वर्षाजल निकासी के अनवरत प्रयास किये जा रहे है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं सावन माह के तृतीय सोमवार व श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रातः नगर के विभिन्न मंदिरों एवं देवालयों जालपा वार्ड स्थित जालपा मंदिर, मॉ कालका मंदिर, मधई मंदिर, हनुमान जी का मंदिर, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर, विवेकानंद वार्ड स्थित शंकर मंदिर, कटाए घाट रोड हनुमान जी के मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों के आसपास सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग का कार्य कराया गया।

स्वच्छता दूतों द्वारा आज प्रातः पन्ना मोड गली नंबर 3 की सार्वजनिक सडकों, बस स्टेण्ट परिसर, जालपा वार्ड स्थित शेर चौकमें रोड की सफाई एवं चूने की लाईनिंग, मिशन चौक, ईश्वरी पुरा वार्ड स्थित मीट मार्केट, मेन रोड मिशन चौक से मजार गली होते हुए सिटी कोतवाली थाना तक, झंडा बाजार, स्टेट बेंक तिराहा, चौपाटी फूल मंडी, बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित गोयनका गली एवं अल्फर्टगंज, पंडित दीनदयाल उपाध्यय वार्ड मेन रोड, तिलक कॉलेज मोड से पेट्रोल पंप मेन रोड की सफाई, कावस जी वार्ड के मुख्य मार्ग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, विश्राम बाबा आगंनबाड़ी केन्द्र के सामनें एवं पुलिया के पास, झिंझरी पुलिस लाईन ग्राउण्ड में सफाई सहित पानी निकासी की व्यवस्था एवं घांस की छिलाई का कार्य कराया गया।

मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई व्यवस्था हेतु कुठला थाना से सब्जी मंडी तक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी गेट के पास, दुर्गा चौक के आगें से डिवाईडर की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

वर्षा ऋतु के दौरान नगर में जलभाराव की समस्या से निजात दिलानें हेतु रोजाना की जा रही नाले नालियों की सफाई के तहत आज प्रातः जालपा देवी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल से चांडक चौक तक मुख्य मार्ग के नाले, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित आजाद चौक, शासकीय चिकित्सालय के अंदर नवीन बिल्डिंग के सामनें वाले नाले की सफाई, स्टेशन रोड स्थित मुख्य मार्ग की नालियों के कचरे के उठाव कार्य, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला गढढा टोला मलिन वंशकार बस्ती में राजा कबाडी के घर के सामनें से बजरंग बली मंदिर के सामनें तक, झिंझरी पुलिस लाईन की नाली एवं डिवाइडर, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित ए.टी.एम. लाईन की नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

**मांगों को लेकर कार्य का बहिष्कार, मोबाइल किया बंद, निजीकरण का विरोध, सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के खिलाफ नारेबाजी**

## इंजीनियरों की हड़ताल, बिजली दफ्तर का कामकाज रहा ठप

**कटनी।** बिजली कंपनियों के निजीकरण के विरोध सहित अन्य 18 सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत विभाग के इंजीनियर सहित अन्य कर्मचारी आज एक दिवसीय कार्य बहिष्कार हड़ताल पर रहे। हड़ताल की वजह से बिजली दफ्तर का कामकाज आज पूरी तरह से ठप रहा। सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के विरोध में मप्र यूनाईटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज एवं इंजीनियर्स के प्रांतव्यापी आव्हान पर की जा रही एक दिवसीय हड़ताल को लेकर इंजीनियरों-कर्मचारियों ने अपने मोबाइल भी बंद रखे। जिससे कामकाज प्रभावित होने के साथ ही उपभोक्ताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रांतीय निकाय के आव्हान पर एकदिवसीय हड़ताल के तहत कर्मचारियों ने आज बिजली दफ्तर के बाहर एकत्रित होकर सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।




### जायज मांगों का नहीं किया जा रहा निराकरण

फोरम के जिला संयोजक अजय नामदेव ने बताया कि मप्र यूनाईटेड फोरम फॉर पॉवर एम्पलाइज एवं इंजीनियर मप्र की सभी उत्तरवर्ती कम्पनियों के प्रमुख संगठनों का एक संयुक्त संगठन है, जो कि प्रदेश की विद्युत कम्पनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं एवं जायज मांगों के संबंध में समय समय पर प्रशासन एवं प्रबंधन को अवगत कराकर उनके सार्थक समाधान निराकरण हेतु सदैव प्रयासरत रहता है लेकिन इंजीनियरों की जायज मांगों का आज तक निराकरण नहीं किया गया। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

### आउटसोर्स पर युवाओं को रखकर शोषण

बिजली कंपनियों में अधिकारी, कर्मचारियों की जरूरत के लिए मापदंड तय नहीं किए जा रहे हैं। आउटसोर्स पर युवाओं को रखकर शोषण किया जा रहा है। कर्मचारियों की कमी और आउटसोर्स कर्मचारियों के अप्रशिक्षित होने से उपभोक्ताओं को समय पर ठीक सेवा नहीं मिल रही है। आम उपभोक्ता बिजली कर्मचारियों को जिम्मेदार मान रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 7 अगस्त को प्रदेश भर की बिजली कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर चुके हैं। बिजली कर्मचारियों के 17 संगठनों के संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन का कहना है कि कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। इसके कारण विरोध दर्ज कराया गया था।

### हड़ताल की वजह बिजली कंपनियों के निजीकरण की योजना

विद्युत वितरण कंपनी के इंजीनियरों का कहना है कि केंद्र सरकार बिजली कंपनियों को निजी हाथों में देने संबंधी बिल लाने जा रही है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। यह बिल पास होता है तो बिजली कंपनी निजी हाथों में चली जाएंगी। इसमे काम करने वाले हजारों अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारी भी निजी हाथों में चले जाएंगे, जहां इनका शोषण होगा। उपभोक्ताओं की भी सुनवाई नहीं होगी। उपभोक्ताओं को सरकार जो छूट देती है, वह नहीं मिलेगी। बताया जाता है कि पूरे प्रदेश में इंजीनियरों के 700 से अधिक पद खाली हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। संविदा पर रखे इंजीनियरों को नियमित नहीं किया जा रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर यूनाईटेड फोरम के जिला संयोजक अजय नामदेव, नरेन्द्र चंदेल, राजेन्द्र दुबे, एस के खर्द, पेंशनर्स एसोसिएशन से सुधीर वर्मा, गोविन्द गुप्ता, महेन्द्र नामदेव, अशोक सोंधिया, बी एम तिवारी, के पी शिवहरे, बी पी नामदेव, आर के बरसैंया, राजीव सक्सेना, रेखा सक्सेना, शिखा ठाकुर, अशोक साहू, अर्जुन पटेल सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।




## पटवारियों की मांगों को अनसुना कर रही सरकार


**अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारी, राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित**

**कटनी।** राज्य सरकार द्वारा मांगों का निराकरण नहीं किए जाने के कारण पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले के पटवारी आज 10 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पटवारियों का साफ कहना है कि जब तक मांगें पूर्ण नहीं हो जाती हैं, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। मप्र पटवारी संघ के प्रांत व्यापी आव्हान पर संघ के जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल के नेतृत्व में आज जिले के समस्त पटवारियों ने हड़ताल में शामिल होते हुए रैली निकालकर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश का पटवारी संवर्ग निरंतर किसानों व शासन के मध्य कड़ी के रूप में कार्य कर शासन की अधिकांश योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रहा है। अल्प संसाधनों के बावजूद पटवारी शासन व किसान हित के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर विभिन्न प्रकार के तकनीकी साफ्टवेयरों, मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल, टीएसएम मशीन तकनीकी उपकरणों आदि पर तकनीकी व विभागीय कार्यों का संपादन कर रहा है, साथ ही शासन के 56 विभागों का कार्य कर रहा है, जिससे कृषकों में शासन की उज्जवल छवि निर्मित होकर उनका आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण होने के साथ ही राजस्व विभाग मप्र शासन को भारत सरकार द्वारा निरंतर सम्मान प्राप्त हो रहा है। चौबीसों घंटे सातों दिवस निरंतर कार्यों के संपादन किये जाने के उपरान्त भी आज तक वर्षों से पटवारी संघ की न्यायोचित मांगों के संबंध में निरंतर ज्ञापन देने व अवगत कराने के उपरांत भी शासन द्वारा निराकरण नहीं किया गया है। राज्य सरकार द्वारा मांगों का निराकरण नहीं किए जाने के कारण मप्र पटवारी संघ ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था। जिसके तारतम्य में कलेक्टर कार्यालय के सामने आज पूरे जिले के पटवारियों ने एकत्रित होकर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

## फर्जी निर्माणी अधिकारी बनकर बेरोजगारों से लाखों की ठगी

**नौकरी दिलाने के नामपर करता था फर्जीवाड़ा,जाल में फंसाने के बाद फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर लगाता था चूना**

**कटनी।** रक्षा मंत्रालय का फर्जी कार्ड दिखाकर बेरोजगारों को भ्रम जाल में फंसाकर नौकरी के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने का मामला प्रकाश में आया है। माधवनगर पुलिस ने कटनी आर्डिनेंस फैक्ट्री के एक फर्जी वर्क्स मैनेजर को हिरासत में लिया था लेकिन पूरा मामला पन्ना जिले से संबंधित होने के कारण पीड़ित युवक आरोपी युवक को लेकर पन्ना चले गए। ऐसा माना जा रहा है कि पूछताछ के दौरान इससे प्रदेश स्तर का फर्जीवाड़ा उजागर हो सकता है। उधर नटवरलाल की गिरफ्तारी की खबर सुनते ही ठगी का शिकार हुए युवक और उनके परिजन भी माधवनगर थाने पहुंचने लगे थे। इस संबंध प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुभम खरे नामक युवक के द्वारा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का कार्ड दिखाकर बेरोजगारों को भ्रमित किया जाता था। युवक ने अपने पास आयुध निर्माणी कटनी का वर्क्स मैनेजर का पहचान पत्र भी रखा था। जिसमें उसके फोटो और जारीकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर भी थे। बताया जाता है कि जो भी इस कार्ड को देखते वह इसकी बातों में आ जाता और सरकारी नौकरी पाने के लालच में मुंहमांगी रकम दे देता और फिर महीनों तक नौकरी का इंतजार करता। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुभम खरे के द्वारा कई लोगों से कटनी आर्डिनेंस फैक्ट्री में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये वसूल चुका था और फर्जी इंटरव्यू के पत्र तक दे चुका था। जानकारी लगी है कि इस फर्जीवाड़े की खबर कटनी आर्डिनेंस फैक्ट्री प्रशासन को लगी तो उन्होंने आरोपी शुभम खरे को पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने इसके पास से नकली कागजात भी बरामद किये हैं। जिसमें फर्जी पहचान पत्र सबसे प्रमुख बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा इससे जुड़े लोगों की भी पतासाजी की जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि यह पूरा गिरोह है जिसके तार भोपाल और दिल्ली तक जुड़े हुये हैं। अभी तक की जांच में कुल 10 ऐसे बेरोजगारों ने शिकायत की है जिनसे शुभम खरे लाखों रुपये नौकरी लगाने के नाम पर ले चुका है। ऐसा माना जा रहा है कि पुलिस की जांच शुरू होने के बाद यह संख्या बढ़ भी सकती है।





### 10 लोगों से लिए 20 लाख रुपये

छतरपुर निवासी मूलचंद पटेल ने बताया कि पन्ना निवासी शुभम खरे डेढ़ माह पहले आर्डिनेंस फैक्ट्री में नौकरी करना बताकर 10 लोगों को नौकरी लगवाने के लिए दस्तावेज मांगे और रुपयों की बात की। इस दौरान शुभम ने निर्माणी का कार्ड भी दिखाया। शुभम ने बताया वह फैक्ट्री में कार्य प्रबंधक है। इसके बाद शुभम ने नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये भी ले लिए। इससे पन्ना में मुलाकात हुई थी। शुभम बेरोजगारों को ज्वाइनिंग पत्र भी दे चुका था। इसमें संदीप सोनी नामक युवक सहित एक अन्य भी शामिल है। मूलचंद ने कहा कि माधवनगर थाने में इसलिए प्रकरण दर्ज नहीं कराया कि रुपये लेने में दिक्कत होगी, हमें आने-जाने में परेशान होगी। पन्ना में प्रकरण दर्ज कराएंगे ताकि रुपये वापस मिल जाएं।

### इनका कहना है

पन्ना निवासी शुभम खरे के साथ रुपयों का कोई लेनदेन है। मूलचंद अपने साथियों के साथ थाने आया। इसके बाद शुभम को लेकर छतरपुर चले गए हैं। यहां पर उन लोगों ने किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई।

**विजय विश्वकर्मा,** थाना प्रभारी माधवनगर

## चोरी की रेत का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

**कटनी।** बरही पुलिस ने चोरी की रेत का अवैध रूप से परिवहन करते ट्रेक्टर-ट्राली को जप्त किया है। थाना प्रभारी बरही संदीप अयाची ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ट्रेक्टर क्रमांक एम.पी.54ए-6485 रेत का अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया है। ट्रेक्टर सतना की तरफ जा रहा था। सहायक उपनिरीक्षक विनोद चौधरी, आरक्षक रोहित सिंह ने ग्राम घंघरौटा-जारारोडा तिराहा के पास रोककर चालक उमरिया जिले के इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम देवगवा निवासी 37 वर्षीय राम सिंह सोमवंशी से पूछताछ की। रेत के संबंध में कागजात मांगे तो नहीं दिखा पाया। पुलिस ने अवैध तरीके से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर ट्रेक्टर को जप्त कर थाने में खड़ा कराया है।


बरही पुलिस की कार्रवाई

## महिला भी हुई ठगी का शिकार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरबाबा दरगाह के पास आम रास्ते पर दो अज्ञात बदमाशों ने महिला के साथ में ठगी की है। जानकारी के अनुसार खैबर लाइन निवासी 58 वर्षीय लीला देवी आसरानी पति प्रकाश आसरानी कही जा रहीं थी। इसी दौरान 2 व्यक्ति पहुंचे और ठगी करते हुए पुराने सोने के कंगन लेकर चंपत हो गए। बदमाशों ने कहा कि यहां पर चोर घूम रहे हैं जो भी सोना पहने हो, उतारकर जाओ। महिला झांसे में आकर ठगी का शिकार हुई।


**पावन स्मृति**

**22वीं पुण्यतिथि-10.08.2021**



स्मृति शेष

मातुश्री **श्रीमती चंपादेवी सुहाने**

*आपका पुण्य प्रताप, संस्कार, हमारे जीवन पथ का प्रकाशपुंज बनकर आलौकिक कर रहा है*

**विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित**

पावन स्मृतियां संजोए

श्रीमती पार्वती देवी इंदुरख्या, जबलपुर
श्रीमती सुशीला-महेश बिचपुरिया, कटनी
श्रीमती लक्ष्मी-संतोष इंदुरख्या, जबलपुर
श्रीमती रानी-राकेश सुहाने, इंजी. प्रांजल, प्रियांश एवं सुहाने परिवार

निवास:- "मातृज्योति" आजाद चौक, कटनी (म.प्र.)

**नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कटनी**

एनसीईटी नई दिल्ली एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

B.Ed. D.Ed.

संपर्क करें-एन.एच. 7 कलेक्ट्रेट के पास झिंझरी कटनी
मो.9752540630, 9302465246, 7509046981

**महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी**

मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)

College Code 740(8) F/A200153

B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)

छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि:शुल्क प्रवेश

संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph: 07622-405074, Mob. 7771001902
Email : mgmnursingkte@gmail.com
Website: mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक Bsc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में Bsc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।



SC/ST/OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त- इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, जिला-कटनी (म.प्र.)


CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY

ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | City Pride Cinema | Food Junction The Food Court | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

**सिटी मॉल बरही रोड में**



इंतजार की घड़ियां समाप्त
अब बड़े पर्दे पर देखिए

हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 05 से
दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

आगामी आकर्षण ता. 13 से
THE CONJURING

**THE SUICIDE SQUAD**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)